Regarding need to expedite and complete the works under Smart City Project in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(दादरा और नागर हवेली) :** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र दादरा और नागर हवेली (सिलवासा) में चल रहे स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन की निराशाजनक स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा ₹392 करोड़ की महत्वपूर्ण राशि आवंटित की गई थी । यह अत्यंत खेद का विषय है कि निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बावजूद, सड़कें, सीवरेज प्रणाली, और बुनियादी ढाँचे से संबंधित कई प्रमुख परियोजनाएँ अभी भी अधूरी पड़ी हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । परियोजनाओं में यह विलम्ब स्पष्ट रूप से स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी को दर्शाता है, जिसके कारण सार्वजनिक धन का समय पर और पूर्ण उपयोग सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है । अतः, मेरा सरकार से आग्रह है कि दादरा और नागर हवेली में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी अधूरे कार्यों को अविलंब पूरा करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाए और इसकी प्रगति की निगरानी हेतु एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया जाए, ताकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों को जल्द से जल्द इन अत्यावश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके ।